# सावन महोत्सव जंगल थीम कार्निवाल का शुभारंभ 1 से

## तैयारियां जोरों पर, एक महीने लगने बाला सावन महोत्सव कार्निवाल बनेगा सैलानियों की पहली पसंद

मेले में बच्चों से लेकर बड़े लोगों तक के मनोरंजन के लिए कई ईवेंट, आइटम्स और एक्टीविटीज होंगी। यहां लगाए जाने वाले आकर्षक झूलों में टाइगर हिल झूला, दिल झूला के साथ मिनी ट्रेन, पानी की वोट, हैलीकॉप्टर, भूत बंगला, 300 फुट वाटर फ्लाई गेट, रंग बिरंगी तितलियां आदि मनोरंजन के केंद्र रहेंगे।

**रविन्द्र सिंह चौहान**

**ग्वालियर,20जुलाई।** सावन आते ही शहरवासियों को सावन मेले का बेसब्री से इंतजार रहता है। धीरे धीरे सैलानियों का इंतजार खत्म होने जा रहा है। फूलबाग पर एक महीने लगने वाले इस आकर्षक और यादगार सावन महोत्सव जंगल थीम कार्निवाल मेले का शुभारंभ 1 अगस्त को फूलबाग बड़े ग्राउंड पर होने जा रहा है। मेले में हैंडलूम स्टॉल, हैंडीक्राफ्ट स्टॉल, एफएमसीजी प्रोडेक्ट, शॉपिंग जॉन, सेल्फी पॉइंट, बच्चों की राईड्स, फ़ूड जॉन से लेकर कई प्रकार के स्टॉल लगाए जाएंगे जो सैलानियों को बहुत पसंद आएंगे। इस बर्ष लगने वाले सावन महोत्सव मेला में 25 फुट का पंख हिलाकर बोलता हुआ बाज और सांप पर बैठा मोगली भी सैलानियों के मनोरंजन का हिस्सा बनेंगे।

सावन महोत्सव मेला के संयोजक अनुज गुर्जर ने सभी शहरवासियों से अधिकाधिक संख्या में सावन महोत्सव मेला में पधारकर यहां प्रदर्शित विभिन झूलों, एक्टिविटी एवं इवेंट्स का लुत्फ उठाकर श्रावण माह के इस रंगारंग, सांस्कृतिक जश्न में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यहां सैलानियों की सुविधार्थ सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। आप एक बार आएंगे तो यहां अपने परिवार सहित बार बार आने से खुद को रोक नहीं सकेंगे।

सावन महोत्सव मेला के संयोजक एवं बेटी एंड संस फनफेयर के संचालक अनुज गुर्जर ने नवभारत को बताया कि यह सावन महोत्सव मेला हम 2022 से हर वर्ष लगातार लगाते आ रहे है। यह इस आयोजन का चौथा बर्ष है। पिछले साल हम विशाल फेस टनल लेकर आए थे। इसकी अपार सफलता के बाद इस वर्ष जंगलबुक कार्निवाल लेकर आए है जो लोगों को अनोखे नए अंदाज में पसंद आएगा।

# रेल्वे स्टेशन पर फिसल रहे यात्री

## नहीं हो रही सफाई, लगातार बहता रहता है पानी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,20जुलाई।** रेलवे स्टेशन पर सौन्दर्गीकरण कार्य के चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों हो रही बारिश ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। हालांकि दो दिन से बारिश नहीं हुई है। लेकिन स्टेशन पर सफाई व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है। प्लेटफार्मों पर पानी भरा हुआ है। इसके चलते आए दिन लोग फिसल रहे हैं। स्टेशन पर चल रहे काम के चलते स्टेशन की छतें भी जगह-जगह से टूटी हुई पड़ी हैं। वहीं प्लेटफॉर्मों पर भी पिलर गढ़ने के लिए गहरे-गहरे गड्ढे खुदे पड़े हुए हैं। बरसात का पानी भी सीधे प्लेटफॉर्म पर गिरता है। इससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। यात्रियों को इस परेशानी से निजात नहीं मिल पा रही है। सबसे ज्यादा परेशानी यात्रियों को उस समय हो रही है जब ट्रेन प्लेटफॉर्म पर आ जाती है। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर आने के बाद जिन यात्रियों का कोच गड्ढों के आसपास होता है उनकी मुसीबत बढ़ जाती है। यात्रियों को कीचड़ में से होकर गुजरना पड़ता है। इससे उनका सामान और कपड़े भी खराब हो जाते हैं।

रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की परेशानी गड्ढे, कीचड़ और बरसात के अलावा ठेले वालों ने भी बढ़ा रखी है। प्लेटफॉर्मों पर इन दिनों काम के चलते जगह कम बची है। खाली पड़ी जगह पर विभिन्न सामानों को बेचने वाले अपने-अपने ठेले खड़े कर लेते हैं। ऐसे में ट्रेन आने पर यात्रियों को निकलने तक की जगह तक नहीं मिलती। कई बार यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है।

### करंट न होने से 33 केवी का तार ले गए चोर

ग्वालियर। माधौगंज थाना क्षेत्र के हेम सिंह की परेड स्थित बटालियन के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन का तार अज्ञात चोर ले गए। संभवत: चोरों को करंट न होने का पता चल गया। करीब 820 मीटर तार चोरी किया गया है जिसकी कीमत 80 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। विद्युत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक सौरभ शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

# किसी भी प्रकार का नहीं होगा गठबंधन, अकेले लड़ेंगे चुनाव-आप

## आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश की सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव : जितेंद्र सिंह तोमर

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,20जुलाई।** आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश के प्रभारी एवं दिल्ली सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर ने ऐलान किया कि आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जनता को अब एक ईमानदार और मजबूत विकल्प की ज़रूरत है, और वह विकल्प आम आदमी पार्टी के रूप में तैयार है।

उन्होने कहा कि : जनहितैषी नीतियों की बदौलत दिल्ली, पंजाब, गोवा और गुजरात की जनता ने आप पर विश्वास जताया, और अब मध्यप्रदेश की जनता भी बदलाव का मन बना चुकी है। प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा, किसानों और युवाओं की हालत बदतर होती जा रही है।

तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश में दोनों पारंपरिक पार्टियाँ आपस में मिली हुई हैं, इसलिए कोई भी जनता के मुद्दों पर संघर्ष नहीं कर रहा। प्रदेश में फैले व्यापक भ्रष्टाचार आदिवासियों पर अत्याचार, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था की दुर्दशा को लेकर आम आदमी पार्टी ने संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है। तोमर ने ग्वालियर की जर्जर सड़कों का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि ग्वालियर नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़कों के नाम पर हजारों करोड़ खर्च कर दिए, लेकिन हालत आज भी बद से बदतर है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि ग्वालियर के हजीरा क्षेत्र में बन रही सड़क उद्घाटन से पहले ही दरक गई, जो भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण की जीती-जागती मिसाल है। दूसरी ओर नाला टैपिंग योजना में 1500 करोड़ से अधिक का घोटाला हुआ, परंतु आज तक कोई दोषी जेल नहीं गया।

**उन्होंने तंज कसते हुए कहा** मध्यप्रदेश मे तो ओवरब्रिज भी 90 डिग्री पर बनाए जाते हैं- यह दर्शाता है कि शासन प्रशासन की क्या गुणवत्ता है। अनुभवहीन मुख्यमंत्री और काग़ज़ी नेतृत्व: तोमर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अनुभवहीन और रबर स्टाम्प हैं, जो कोई भी निर्णय स्वयं नहीं लेते। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस बार चुनाव जीतने के लिए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया, वोटर्स को पैसे और वस्तुओं से प्रभावित किया, और कांग्रेस ने भी भाजपा का खुलकर साथ दिया। उन्हें जानकारी मिली है कि कांग्रेस प्रत्याशियों को 44 करोड़ चुनावी चंदा सिर्फ आप को हराने के लिए दिया गया। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी को भाजपा से मात्र 2ब कम वोट मिले।

**अब होगा जनसंघर्ष तेज:** श्री तोमर ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी जनता के मुद्दों पर और अधिक आक्रामक तरीके से संघर्ष करेगी। हम दिल्ली की तरह मध्यप्रदेश की जनता को भी बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ग्वालियर-चंबल संभाग में संगठन को मज़बूत करने के लिए उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया और प्रदेश में व्याप्त अन्याय एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष का आह्वान किया। पत्रकारवार्ता में मुख्य रूप से दिल्ली के पूर्व विधायक अखिलेशपति त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता एडवोकेट, प्रदेश महिला विंग मनीक्षा सिंह तोमर, प्रदेश सह सचिव अमित शर्मा, कुलदीप बाथम, शैलेन्द्र भादौरिया, मोहन पाल, यशवंत पटवारी, भूपेन्द्र पांडे, विनोद वर्मा, जिला अध्यक्ष अमिताभ पांडे, मनोज कुशवाह,विरु सिसौदिया, मनीष रत्नाकार, सापन भारद्वाज, मनोज जाटव, अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तकनीक के साथ चलना अब ज़रूरी : महेश कुमार

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,20जुलाई।** बदलते समय के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) अब सिर्फ एक तकनीकी शब्द नहीं रहा, बल्कि समाज को दिशा देने वाला माध्यम बन चुका है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मीडिया एवं यूथ विंग द्वारा ग्वालियर स्थित ब्रह्माकुमारीज केंद्र पर एक दिवसीय विशेष एआई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला (एआई और डिजिटल समावेशन के लिए लचीलापन आधारित क्रिया) पहल के अंतर्गत डेटा लीड्स के सहयोग से आयोजित की गई।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि महेश कुमार (एडिटर एनआरटी, दैनिक भास्कर), मुख्य वक्ता डॉ. मनीष कुमार जैसल (विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, आईटीएम विश्वविद्यालय), ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र प्रमुख बीके आदर्श दीदी, मीडिया विंग एवं यूथ विंग ग्वालियर संयोजक बीके प्रहलाद भाई एवं श्रीमती रामदेई माता जी उपस्थित थीं।

कार्यक्रम में मीडिया शिक्षाविद् एवं प्रमाणित फैक्टशाला ट्रेनर डॉ. जैसल ने प्रतिभागियों को गूगल लेंस, मेटा एआई, और परप्लेक्सिटी जैसे प्रमुख एआई टूल्स का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया और यह बताया कि इनका प्रयोग सामाजिक कार्यों, शिक्षा, मीडिया और जनजागरूकता में कैसे किया जा सकता है।

डॉ. जैसल ने कहा, एआई केवल तकनीकी नवाचार नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का माध्यम है। यदि हम इसे समझदारी और सकारात्मक सोच के साथ अपनाएं, तो यह हमारे सोचने, कार्य करने और संवाद स्थापित करने के तरीकों को पूरी तरह बदल सकता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे दैनिक भास्कर के एडिटर एनआरटी, श्री महेश कुमार ने बताया कि हमें तकनीक से डरने की ज़रूरत नहीं, बल्कि उसे समझने और अपनाने की आवश्यकता है। तकनीकि के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना समय की मांग है और यदि हम सकारात्मक दिशा में तकनीक को अपनाते हैं, तो यह हमारे लिए वरदान बन सकती है।

यूट्यूब पर हम जो एक बार सर्च करेंगे वह बार-बार दिखेगा क्योंकि वह एक मशीन है। एआई हमारे सामने पिछले 4, 5 साल से चर्चित है लेकिन इंटरनेट का जब से उदय हुआ, तभी से सारी चीज हमारे बीच शुरू हुई थी। आप जिस दिशा में टूल्स का उपयोग करेंगे तो वह आपको उसी दिशा में ले जाएगा सकारात्मक भी हो सकता है नकारात्मक भी हो सकता है और माताओं बहनों को बताने का मकसद यह है कि आपके घर में बच्चे हैं, आपसे कहीं ज्यादा वो लोग इन चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो उनकी जिस तरह की फील्ड है। उनकी फील्ड में कैसे टूल्स मदद कर सकते हैं। और आप लोग जो भी टूल्स इस्तेमाल करें उसे जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल करें। यही इस टेक्नोलॉजी का बेटर फ्यूचर है।

ब्रह्माकुमारीज के वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षक भाई बीके प्रहलाद ने कहा कि मीडिया एवं यूथ विंग लगातार ऐसे आयोजन करती रहती है, ताकि समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक किया जा सके। युवाओं, महिलाओं, शिक्षकों, और सामाजिक कार्यकर्ताओं को इस प्रकार की तकनीकी जानकारी देना आज बेहद आवश्यक हो गया है।

# बारिश थमी, धूप खिली, लोगों ने ली राहत की सांस

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,20जुलाई।** दो दिन से मौसम ने जो कलाबाजी दिखाई है उससे क्या शहरी और क्या ग्रामीण अंचल के लोग, सभी राहत में हैं। शहरी लोगों के लिए राहत की बात यह है कि उन्हें किचपिच से मुक्ति मिल गई है। घरों के कपड़े सूखने लगे हैं तो गांव वाले इसलिए प्रसन्न हैं कि उन्हें खेती किसानी का समय मिल गया है और धान की रोपाई ने एक बार फिर गांव-गांव रफ्तार पकड़ ली है। धान लगाने के लिए काफी सारे मजदूर बिहार से ग्वालियर आए हैं और बारिश के कारण यह हाथ पर हाथ रखे बैठे थे। मौसम विभाग का जो पूर्वानुमान है उसके मुताबिक कल सोमवार से शुरु होने वाले सप्ताह के शुरुआती दिनों में सोमवार को तो दूर-दूर तक बारिश के आसार नजर नहीं आ रहे। मंगलवार को जो थोड़े बहुत आसार हैं उसमें बारिश हो गई तो हो गई वरना यह बादल भी बहक कर कहीं और बरसने के आसार हैं। यही हाल आने वाले दिनों बुधवार-गुरुवार का है। शुक्रवार को मौसम कुछ पलट सकता है और इसका असर शनिवार को बारिश के रूप में देखने को मिल सकता है। वहीं तिघरा जलाशय में जितना पानी होना चाहिए, उससे एक इंच भी कम नहीं है। सिचाई विभाग के अधीक्षण यंत्री राजेश चतुर्वेदी ने कहा कि बारिश भले ही थम हो गई हो पर तिघरा में पानी पहुंचना जारी है क्योंकि तिघरा में पानी काफी दूर-दूर से आता है। उन्होंने कहा कि तिघरा में अभी बारिश थमने के बाद भी पानी पहुंच रहा है। हम शहर के लिए नगर निगम को पानी भी भरपूर दे रहे हैं और तिघरा का पानी 738 फीट के लेवल पर टिका भी हुआ है। राजेश चतुर्वेदी ने कहा कि हम तिघरा में पानी को 740 फीट के लेवल तक भर सकते हैं और यह तो सितंबर-अगस्त के महीने में कभी भी हो सकता है जब दिखेगा कि अब ग्वालियर में बारिश के आसार टल रहे हैं तो तिघरा को भरना शुरु कर देंगे।

# गुना-शिवपुरी रेलवे ट्रैक पर तैनात किया अतिरिक्त स्टाफ

ग्वालियर। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए इन दिनों रेलवे अलर्ट पर है। हर साल इस ट्रैक पर बारिश का पानी भर जाने के कारण ट्रेनों का संचालन ठप हो जाता है। इसके चलते रेलवे ने इस ट्रैक पर इस साल अतिरिक्त स्टाफ को तैनात किया है। रेलवे का स्टाफ ट्रैक के आस-पास निरंतर साफ-सफाई में जुटा हुआ है ताकि ट्रैक पर पानी न भर सके। साथ ही नालियों की निरंतर साफ-सफाई की जा रही है। इस ट्रैक कई बार भारी बारिश के चलते पानी की निकासी नहीं होती। इसके चलते ट्रेनों का संचालन रोकना पड़ता है। पिछले साल बारिश के कारण यह ट्रैक बुरी तरह से प्रभावित हुआ था। बारिश के चलते रेलवे के कर्मचारी सुबह से शाम तक सफाई कार्य में जुटे हुए हैं। रेलवे के सभी पुलों और पुलिया पर अधिकारियों ने चौकीदार तैनात कर दिए हैं, जो ट्रैक पर निरंतर निगाह रखे हुए हैं। इस साल झांसी मंडल के ग्वालियर सेक्शन में मानसून के दौरान सुरक्षित ट्रेन संचालन के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। साथ ही आवश्यक सुरक्षा उपायों को लागू किया गया है। बारिश के दौरान ग्वालियर सेक्शन में पुलों और उन ट्रैक पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां पर हर साल पानी भर जाता है। बारिश के दौरान यहां पर निरंतर सफाई की जा रही है। साथ ही भू-स्खलन, मिट्टी का कटाव होने वाले स्थानों पर निरंतर निगाह रखी जा रही है। संबंधित विभाग के इंजीनियरिंग अधिकारी निरंतर निरीक्षण कर काम करा रहे हैं। संवेदनशील स्थानों पर चौकीदार, पेट्रोल मैन तैनात किए गए हैं। वहीं पटरियों पर निगाह रखने पेट्रोलिंग के लिए पेट्रोलमैन की ड्यूटियां लगाई जा रही हैं।

# बहुजन समाज पार्टी के तत्वधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,20जुलाई।** बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष रवि गौतम ने बताया कि मध्य प्रदेश में आए दिन एससी एसटी ओबीसी के लोगों पर हो रहे अन्य अत्याचार के विरुद्ध में एवं दिलीप बौद्ध स्टेट कोऑर्डिनेटर बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन रखा गया जिसमें दिलीप बौद्ध ने सरकार और प्रशासन को घेरते हुए कहा कि जिस तरह से प्रदेश में आए एससी एसटी ओबीसी के लोग पर अन्य अत्याचार हो रहा है यह बेहद ही गंभीर मामला है और सरकार इस पर फेल नजर आ रही है हाई कोर्ट परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा लगाए जाने को लेकर भी दिलीप बौद्ध ने भाजपा कांग्रेस दोनों को आडे हाथों लिया और बताया कि यह सिर्फ बहुजन समाज का वोट लेने के लिए यह दोनों पार्टियों नाटक और दिखावा करती है जबकि असल में यहां दोनों जातिवादी पार्टी हैं यह कभी भी इस देश के मूल निवासियों का भला नहीं कर सकते साथ ही बसपा पार्टी के सभी शुभचिंतकों एवं पार्टी के पदाधिकारी ने इन दोनों पार्टियों को आने वाले विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से सबक सिखाने के लिए प्राण भी लिया इसी मौके पर जिला के जिला अध्यक्ष रवि गौतम जी ने भी युवाओं से अपील की और बहुजन समाज पार्टी से जंदा से जन संख्या में युवाओं जुड़कर और बहन जी के हाथ मजबूत कर इस देश में बहुजन राज्य स्थापित करें तभी हमारे महापुरुषों का सपना साकार होगा इस मौके पर प्रदेश के उपाध्यक्ष सुनील बघेल जी भी मौजूद रहे और ओबीसी समाज को भी आवाहन किया की पार्टी से जुड़कर अपने आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करे इस मौके पर तमाम बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ताला डालकर दवा लेने निकले, पीछे से चोरों ने बोल दिया धावा



### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

फरियादी घर सहित आसपास में कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। पुलिस ने ने जब इन कैमरों के फुटेज चेक किए, तो तो उनमें जीस-शर्ट पहने व टोपी लगाया हुआ एक अज्ञात युवक घर के भीतर आता और जाता हुआ नजर आ गया। पुलिस द्वारा इन फुटेज के आधार पर आरोपी की तस्दीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,20जुलाई।** दंपति को दवा लेने जाना महंगा पड़ गया, पीछे से उनके सूने घर में चोर ने धावा बोल दिया, जो सोने-चांदी के आभूषण व नगदी सहित करीब 10 लाख रुपए का माल पार कर ले गया। घटना चीनोर थाना इलाके की है, जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध कर उसकी तस्दीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ग्राम चीनोर निवासी सरदार गुरपाल सिंह बीती शाम पांच बजे के लगभग घर में ताले डालकर अपनी पत्नी के साथ दवा लेने ग्वालियर चले गए थे। देर शाम जब वापस लौटे, तो घर के ताले चटके देखकर चौंक गए। भीतर पहुंचे, तो कमरों के गेट खुले होने के साथ ही पूरा सामान बिखरा पड़ा था। दरअसल उनके जाने के पश्चात पीछे से किसी अज्ञात नकबजन ने उनके सूने घर में धावा बोल दिया था। जो इत्मीनान से पूरे घर की खाना तलाशी लेते हुए करीब नौ तौला वजनी सोने के गहने व चांदी सहित 80 हजार रुपए नगदी चुराकर ले गया। घर की यह हालत देख गुरपाल सिंह ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। दिनदहाड़े लाखों रुपए की चोरी होने की सूचना पाते ही चीनोर थाना प्रभारी सिंह तत्परता से अपा स्थल पर पहुंचे। पुलिस द्वारा मौका मुआयना करने के उपरांत अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

**किसी लोकल व्यक्ति की संलिप्तता की आशंका:** पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा नकबजन स्थानीय निवासी नहीं है। जबकि जिस ढंग से उसने दिनदहाड़े सूने घर को टारगेट करते हुए वारदात को अंजाम दिया है, उससे किसी लोकल व्यक्ति की इसमें संलिप्तता होने की संभावना है। ऐसे में आरोपी के आने-जाने के रूट को ट्रेस कर इस लोकल सहयोगी का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

**इनका कहना है:**
सूने घर से अज्ञात नकबजन गहने व नगदी पार कर ले गया है। आरोपी सीसीटीवी में नजर आ रहा है, जिसके आधार पर उसकी तस्दीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि वह स्थानीय नागरिक नहीं है, लेकिन उसे किसी लोकल व्यक्ति का सहयोग मिलने की संभावना है। हर एंगल से तफ्तीश की जा रही है।

# मुंहवाद हुआ तो शातिर बदमाश ने चला दी गोली

ग्वालियर। मामूली मुंहवाद होने पर दो बदमाशों ने हवाई फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैला दी। फायरिंग करने वालों में से एक शातिर अपराधी है और उस पर कोतवाली थाने में संगीन किस्म के आधा दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। घटना डबरा देहात थाना क्षेत्र के कोहिनूर गार्डन चीनौर रोड के पास बीती रात की है। पुलिस ने मामला कायम कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। विकास रावत 18 वर्ष पुत्र लोकेन्द्र रावत निवासी इटायल डबरा का बीती रात मनीष खान तथा अभिषेक खान से किसी बात को लेकर मुंहवाद हो गया था। विवाद बढ़ा तो अभिषेक खान ने अपने पास रखा कट्टा निकाला और हवाई फायर कर दिया। गोली की आवाज सुनते ही कोहिनूर गार्डन के पास जो लोग खड़े थे या किसी काम से गए थे वह दहशत में आ गए और यहां-वहां छिपकर अपने आप को सुरक्षित किया। गोली चलाने के बाद आरोपी अभिषेक तथा मनीष खान वहां से धमकी देते हुए भाग निकले।

# जीजा, राम-राम कह गाड़ी पर बिठाया, निकाल लिए 35 हजार

### बारादरी चौराहे की घटना, फसल बेच कर सामान खरीदने आए बुजुर्ग के चोरी हो गए रुपए

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,20जुलाई।** जीजा राम-राम कह कर एक बुजुर्ग को गाड़ी पर बैठाया और उन्हें बारादरी से ठाटीपुर छोड़ते समय रास्ते में 35 हजार रुपए निकाल लिए। जेब से रुपए कब और कैसे निकाल लिए इसका बुजुर्ग को जरा भी अहसास नहीं हो सका। घटना मुरार थाना क्षेत्र में बीती रात 8 बजे की है। पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। अमर सिंह बघेल 65 वर्ष निवासी चक गुठीना महाराजपुरा ने फसल बेची थी, जिसके एवज में उन्हें रकम मिली थी। उसी राशि में से 35 हजार रुपए लेकर यह मुरार बारादरी पर सामान खरीदने गए थे। रुपए कुर्ते की ऊपरी जेब में रखे हुए थे। रात के 8 बजे के करीब एक मोटर साइकिल सवार उनके पास आकर रुका और बोला कि जीजा राम-राम। बुजुर्ग अमर सिंह ने समझा कि शायद कोई परिचित का होगा इसलिए उन्होंने भी राम-राम बोली और खड़े टेंपों का इंतजार करने लगे। इसी दौरान बाइक सवार युवक ने उनसे कहा कि वह ठाटीपुर तक जा रहा है और वहां तक उन्हें छोड़ देगा। युवक की बात सुनने के बाद अमर सिंह बघेल ने कहा ठीक है और उसकी गाड़ी पर बैठ गए। बाइक सवार युवक ने उन्हें ठाटीपुर चौराहे पर छोड़ा और वहां से तत्काल निकल गया। युवक के जाने के बाद जब अमर सिंह ने अपने कुर्ते की ऊपरी जेब में हाथ डाला तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई, क्योंकि रुपए नहीं थे। युवक सवार युवक बातों-बातों में लिफ्ट देने के बहाने 35 हजार रुपए निकाल ले गया और उन्हें पता तक नहीं चला।

**अमर सिंह बघेल**

# तीन बदमाश पकड़े, मिले कट्टे और कारतूस, चेकिंग के दौरान दबोचा

ग्वालियर। वारदात की नीयत से कमर में कट्टा लगाकर जा रहे बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए तीन बदमाशों में से दो के पास 315 बोर के देशी कट्टे तथा कारतूस बरामद किए हैं। बदमाशों में से दो उत्तर प्रदेश के तथा एक डबरा का रहने वाला है। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम कर लिया है। पनिहार पुलिस भटपुरा तिराहा मिर्चा रोड पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक वाहन आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब इस वाहन को रोककर उसमें बैठे लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम मोहित परिहार निवासी डबरा देहात, राधा वल्लभ जाटव पुत्र सुधीर जाटव निवासी जिला जालौन उत्तर प्रदेश तथा संजय राजपूत निवासी जिला कन्नौज उत्तर प्रदेश का होना बताया। पुलिस ने जब इन तीनों की तलाशी ली तो मोहित परिहार व राधा वल्लभ जाटव के पास से दो अवैध देशी कट्टे मिले। कट्टों को आरोपी कमर में लोअर के नीचे लगाए हुए थे।

# मोहम्मद रफी के गीतों से सजेगी गायक कलाकार की महफिल

ग्वालियर। 31 जुलाई को स्व. मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर गायक कलाकार मित्र समूह द्वारा एक शाम मोहम्मद रफी के नाम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन चेतकपुरी में शाम 5 बजे से शुरू होगा। इस बार का शीर्षक है चौदहवीं का चांद। कार्यक्रम में सदस्य रफी साहब के सोलो और डुएट गीतों की प्रस्तुति देंगे। इस वर्ष की विशेषता होगी सर्जन डॉ. अचल गुप्ता गिटार पर रफी साहब के गीतों पर प्रस्तुति देंगे और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ, विवेक वासवानी बांसुरी पर रफी साहब के गीतों की प्रस्तुति देंगे। मंच संचालन हर्षिका दुबे और हर्षदा गोखले करेंगी। परिकल्पना अनुराधा घोड़के की है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95